कोरूगेटेड बॉक्स के उत्पादन खर्च में 70% की वृद्धि

पटना। पिछले कुछ महीनों में उत्पादन खर्च में तीव्र वृद्धि होने से और दूसरी ओर कच्ची सामग्री की आपूर्ति अस्त-व्यस्त हो जाने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग संकट में पड़ गया है। उसकी मुख्य कच्ची सामग्री क्राफ्ट पेपर है। मात्र पेपर की भाव वृद्धि के कारण कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग का उत्पादन खर्च 70% बढ़ गया है। क्राफ्ट पेपर मिलें सप्लाई साइड में आयातित और स्थानीय वेस्ट पेपर के बढ़ते भाव, कोरोना लॉकडाउन और अंतर राज्य लॉजिस्टिक अवरोधों के कारण उपलब्धता घटने का कारण बताती है जब कि मांग की और देखें तो मिलें चीन कोरी साइकल्ड क्राफ्ट पेपर पल्प रोल्स के रूप में क्राफ्ट पेपर निर्यात करने के सुनहरे अवसर का लाभ उठा रही हैं। 1 जनवरी 2021 से वेस्ट पेपर सहित सभी सॉलिडवेस्ट के आयात प्रतिबंध केपरिणाम का चीन की मिलें सामना कर रही हैं इंडियन कोरूगेटेड केस मैन्युफेक्चरर्स एसो. (इकमा) के प्रमुख, संदीप वाधवा ने कहा कि मांग से औरचीन में आकर्षक भाव मिलने से भारतीय क्राफ्ट पेपर का उत्पादन स्थानीय बाजार के स्थान पर अन्य स्थानांतरित हो रहा है. इससे फिनिश्ड पेपर और रीसाइकल्ड फाइबर का भाव ऊंचा जा रहा है, भारतीय क्राफ्ट पेपर मिलों द्वारा रीसायकल्ड क्राफ्ट पेपर पल्प रोल्स का निर्यात इस वर्ष 20 लाख टन से अधिक होगाए जो भारत के कुल स्थानीय क्राफ्ट पेपर उत्पादन का 20% होता है। 2018 से पहले शून्य निर्यातथा और इस आधार पर यह सप्लाई साइड डायना मिक्स गेम चेंजर बन गया है।